कोटद्वार, शुक्रवार
12 दिसम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 205 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### घनसाली में आंदोलनकारियों ने दी आत्मदाह की चेतावनी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई टिहरी। घनसाली क्षेत्र की लचर स्वास्थ्य सेवाओं के विरोध में चल रहे जनांदोलन ने गुरुवार को उग्र रूप ले लिया। लंबे समय से मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई न होने से नाराज आंदोलनकारियों की आत्मदाह की चेतावनी के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। ऐतिहातन पुलिस ने कई आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान घनसाली और चमियाला बाजार परी तरह से बंद रहे। गुरुवार को घनसाली में पूर्व विधायक भीम लाल आर्य व व्यापार मंडलाध्यक्ष कैलाश बडोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल से मुख्य बाजार तक पहुंचे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलन के समर्थन में घनसाली और चमियाला बाजार पूरी तरह बंद रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने कई आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया। वहीं आंदोलन स्थल पर 11 लोगों ने आत्मदाह की चेतावनी देकर माहौल और तनावपूर्ण बना दिया। स्थिति गंभीर होती देख जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और डीएम नितिका खंडेलवाल स्वयं घनसाली पहुंचीं। डीएम के पहुंचते ही पुलिस ने सभी गिरफ्तार आंदोलनकारियों को रिहा कर दिया। आत्मदाह की चेतावनी दे रहे लोगों को भी प्रशासन ने किसी तरह समझाकर शांत किया। डीएम ने आंदोलनकारियों की सात सूत्रीय मांगों पर आगामी दो घंटे में शासन स्तर पर वार्ता कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि, सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर गंभीर है और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। डीएम के आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने अस्थायी रूप से प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं आंदोलनकारियों ने मांगें पूरी न होने पर और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

### उद्योगपति की फैक्ट्री के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग

रुड़की। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मतलबपुर चौक पर बुधवार शाम बाइक और स्कूटी की टक्कर के दौरान हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दर्जनों युवकों के साथ विपक्षी के फैक्ट्री के बाहर रात को ताबड़तोड़ फायरिंग की। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित उद्योगपति राजीव सैनी ने गांव के ही एक युवक पर फायरिंग का आरोप लगाते हुए गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि युवकों ने दस से अधिक राउंड फायरिंग की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को वहां से कारतूस के खोखे भी बरामद हुए हैं। पीड़ित राजीव कुमार सैनी निवासी मतलबपुर ने गंगनहर कोतवाली में गुरुवार को तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई अशोक सैनी बुधवार शाम करीब चार बजे मतलबपुर से फैक्ट्री के लिए आ रहे थे। दूसरी तरफ से गांव का ही एक युवक स्कूटी चलाते हुए तेजी से आ रहा था। जिसने मतलबपुर चौक के पास अशोक सैनी की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अशोक सैनी घायल हो गए। उन्होंने इस घटना का विरोध किया तो युवक ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि युवक घटना स्थल से जाने के एक डेढ़ घंटे बाद 15–20 युवकों को लेकर फैक्ट्री पहुंच गया। यहां पहुंचने के बाद आरोपी युवक समेत अन्य ने फायरिंग शुरु कर दी।

### एक साल बाद दुष्कर्म का आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

रुड़की। एक साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। आरोपी को दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अफ्रीका भाग गया था। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि पिछले साल एक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें पीड़िता ने साकिब पर आरोप लगाया था कि उसने उसे अपने प्रेम के जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया। इसके बाद उससे लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस षडयंत्र में साकिब के अलावा उसके भाई सारिक और फाजिल भी शामिल रहे। वह भी उसे झूठा आश्वासन देते रहे कि वह उसकी शादी साकिब से करा देंगे। इसी बीच आरोपी चकमा देकर अफ्रीका भाग गया था।

# आतंक का पर्याय बना गुलदार हुआ ढेर



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी के गजल्ड में बुधवार की देर शाम अनुभवी शिकारी जॉय हुकिल और राकेश बड़थ्वाल ने मिलकर गुलदार को मार दिया है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग ने मारे गए गुलदार का डीएन सैंपल लिया है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि फिलहाल ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए गुलदार प्रभावित क्षेत्र में टीमें बनी रहेगी। इसके साथ ही कैमरा ट्रैप, एनाइडर, फॉक्स लाइन से निगरानी की जाएगी।

बता दें कि गजल्ड में बीती 4 दिसंबर को गुलदार ने राजेंद्र प्रसाद नौटियाल को मार दिया था। इसके बाद गजल्ड में गुलदार की दहशत बनी हुई थी। इस बीच प्रमुख वन संरक्षक और प्रमुख सचिव वन ने भी अफसरों के साथ गजल्ड का दौरा किया और वन विभाग की टीम के सहयोग और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए यहां शिकारी जॉय हुकिल और राकेश चंद्र बड़थ्वाल को भी तैनात किया गया। विभागीय टीम और शिकारियों ने दो दिन तक यहां गुलदार की गतिविधियों से गुलदार की पहचान आदि को देखा। साथ ही कैमरा ट्रैप में आए गुलदार की फोटो उसके मौके के फुट प्रिंट आदि की जानकारी के बाद इस ऑपरेशन को टीम ने अंजाम दिया। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि गजल्ड में मारा गया गुलदार करीब 5 साल का मादा है। गुलदार का मेडिकल और डीएनए सैंपल लिया गया है। सैंपल को जांच के लिए भेजा जा रहा है, ताकि यह पूरी तरह से कहा जा सके कि मारे गए गुलदार ने गजल्ड में हमला किया था। डीएफओ ने बताया कि बाहर से देखने पर गुलदार के सभी अंग सुरक्षित पाए गए है। अन्य जानकारी मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। फिलहाल कैमरा ट्रैप की फोटो और गुलदार के शरीर के पहचान कर ली गई है।

**क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध पूर्ववत जारी**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि वर्तमान में मानव-वन्यजीव संघर्ष की संवेदनशीलता को देखते हुए वन विभाग की टीम पूर्ववत क्षेत्र में तैनात है तथा फॉक्स लाइट, साइरन, कैमरा ट्रैप निगरानी व झाड़ी कटान जैसे सभी सुरक्षा प्रबंध यथावत जारी हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थितियों में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही जारी रखी जाएगी, जिससे जनसुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### लोकसभा में ई–सिगरेट पर हंगामा–स्पीकर बोले–लिखित दीजिए, कार्रवाई होगी

नई दिल्ली। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान गुरुवार को उस वक्त भारी हंगामा हो गया, जब भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद पर सदन के भीतर ई–सिगरेट पीने का गंभीर आरोप लगा दिया। ठाकुर के बयान के बाद सत्ता पक्ष के कई सांसद विपक्षी सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने लिखित शिकायत मांगी एवं आश्वस्त किया कि समुचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रश्नकाल में जलशक्ति मंत्री आरसी पाटिल से पूरक प्रश्न पूछते हुए अनुराग ठाकुर ने अचानक व्यवस्था की बात उठाते हुए कहा कि क्या सदन में ई–सिगरेट की अनुमति है, जबकि पूरे देश में इसपर प्रतिबंध है। स्पीकर ने स्पष्ट कहा कि नहीं, ऐसी कोई अनुमति नहीं है। इस पर ठाकुर ने आरोप लगाया कि टीएमसी का एक सदस्य कई दिनों से सदन में ई–सिगरेट पी रहा है। उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाला आचरण है। ठाकुर ने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च संस्था है, जिसे करोड़ों लोग उम्मीद और सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

# देवाल में शादी से लौटते वक्त कार खाई में गिरी, तीन की मौत



देहरादून। देवाल विकासखंड के सुयालकोट–मोपाटा मोटर मार्ग पर शादी समारोह से लौटते वक्त कार के खाई में गिरने से एक ही गांव के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से क्षेत्र में मातम छा गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के अनुसार, चौड़ गांव के कुछ लोग गुरुवार को एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मोपाटा गांव गए थे। शाम करीब 3:50 वापस लौटते वक्त सुयालकोट–मोपाटा मोटर मार्ग के रोल नामक स्थान पर कार खड़ी थी। इस दौरान वाहन चालक नारायण सिंह कार के बाहर खड़े थे, जबकि पांच लोग कार में बैठ गए। अचानक कार धीरे–धीरे आगे बढ़ने लगी। बाहर खड़े चालक और कार सवार कुछ समझ पाते इससे पहले कार तेजी से करीब 150 मीटर खाई में गिर गई। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस प्रशासन को दी। तहसीलदार अक्षय पंकज, थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया मौके पहुंचे। हादसे में कार सवार बसंती देवी 35 वर्ष पत्नी कुंवर सिंह, मोहनी देवी 42 वर्ष पत्नी स्वर्गीय मान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भजन सिंह पुत्र बादर सिंह 60 वर्ष ग्राम चौड़ की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हुई। तीनों मृतक चौड़ गांव के है। हादसे में खिलाफ सिंह 65 वर्ष पुत्र नारायण सिंह, कुमारी ज्योति पुत्री गंगा सिंह 23 वर्ष ग्राम चौड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 से देवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के उन्हें हायर सेंटर श्रीनगर रेफर कर दिया गया। मृतकों का पोस्टमार्टम शुक्रवार को देवाल में ही किया जाएगा। ढाल पर बिना हेंडब्रेक के खड़ी थी कार ग्रामीणों ने बताया कि कार चालक ने शादी में पहुंचे वक्त कार सड़क किनारे ढाल पर खड़ी की थी। लौटते वक्त उन्होंने पहले अन्य सवारियों को कार में बैठाया, जबकि खुद कार के बाहर ही खड़े थे। अचानक कार सरकते हुए आगे खाई में गिर गई। चालक कुछ समझ और कर पाते इससे पहले हादसा हो गया। ग्रामीणों ने संभावना जताई है कि कार खड़े करते वक्त हेंडब्रेक नहीं खींचा गया था, कार को रोकने के लिए टायरों पर पत्थर भी नहीं लगाए गए थे। ऐसे में जैसे ही लोग कार में बैठे कार अनियंत्रित होकर आगे बढ़ गई।

# पी.आर.डी जवानों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की होगी स्थापना : धामी



### धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति के प्रतीक हैं पीआरडी जवान

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को ननूरखेड़ा, देहरादून स्थित निदेशालय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल परिसर में प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत पीआरडी स्वयंसेवकों के आश्रितों को सहायता राशि एवं पीआरडी जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति के चेक भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माह 149 पंजीकृत आश्रितों को विभागीय अर्द्ध सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे वे अपने कौशल में वृद्धि कर सकेंगे और भविष्य में पीआरडी सेवा के विभिन्न दायित्वों को और अधिक दक्षता और तत्परता के साथ निभाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की पी.आर.डी जवानों के लिए एक विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी। पीआरडी जवानों को भी अब ड्यूटी के दौरान चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में उपचार के दौरान ड्यूटी पर ही माना जाएगा और उन्हें अधिकतम छह माह का मानदेय प्रदान किया जाएगा। ग्राम अस्थल रायपुर में खेल मैदान का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पी.आर.डी जवान, धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छा शक्ति के साथ प्रदेश में सुरक्षा और जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पीआरडी जवान, प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सुरक्षा व्यवस्था, लिपिकीय कार्यों और विभिन्न विभागीय का दायित्वों, प्राकृतिक आपदाओं में चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में कार्य कर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। चार धाम यात्रा के दौरान भी जवानों ने धैर्य, संवेदनशीलता और सजगता के साथ लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा कराने में सहयोग किया। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य गठन के समय पीआरडी जवानों को मात्र 65 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलता था। अब उसमें 10 गुना वृद्धि करते हुए उसे 650 रुपये प्रतिदिन किया गया है। पीआरडी जवानों के आश्रित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने मृत एवं घायल पीआरडी जवानों और उनके आश्रितों को 70 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए पीआरडी जवानों को 18 लाख रुपये का एकमुश्त सेवा भत्ता भी प्रदान किया है।

### रेट्रो साइलेंसर लगी बुलेट सीज, 48 वाहनों के चालान

रुद्रपुर। परिवहन विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाते हुए बिना नंबर प्लेट और रेट्रो फिटेड साइलेंसर लगी एक बुलेट बाइक को सीज कर दिया। बाइक चालक बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट के वाहन चला रहा था, जिस पर विभाग ने 12.5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शहर में कई दोपहिया वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर रेट्रो फिटेड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में वाहन चलाते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और लोगों को असुविधा होती है। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने ओवर स्पीडिंग पर 35 और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 13 चालान किए। कुल मिलाकर 48 वाहनों के चालान कर लगभग 83 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई एआरटीओ प्रशासन मोहित कोठारी के नेतृत्व में की गई। टीम में परिवहन उपनिरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज भंडारी, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह तथा परिवहन आरक्षी रवि क्षीरा, डिंपल सिंह और गौरव खाती शामिल रहे।

# सड़क हादसा में वालीबॉल खिलाड़ी समेत तीन की मौत




हरिद्वार। हरिद्वार–दिल्ली हाईवे पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में वॉलीबॉल खिलाड़ी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, एक गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा तब हुआ, जब सड़क की मरम्मत की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, वॉलीबॉल खिलाड़ी अर्पित सैनी पुत्र प्रदीप सैनी निवासी इब्राहिमपुर पथरी अपने मित्र रहमान पुत्र शमशाद निवासी अलीपुर बहादराबाद के साथ देहरादून से लौट रहे थे। तब प्रेमनगर आश्रम के सामने फ्लाईओवर पर सड़क की मरम्मत चल रही थी। उसी दौरान अर्पित की कार अनियंत्रित हो गई और सड़क पर खड़ी मशीन से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे अर्पित सैनी और वहां खड़े मजदूर राजू राय निवासी पश्चिम बंगाल की मौके पर मौत हो गई। जबकि, गंभीर रूप से घायल मजदूर आनंद सिंह निवासी पश्चिम बंगाल को तुरंत एम्स ऋषिकेश ले जाया गया, जहां गुरुवार दोपहर उसकी भी मौत हो गई। कार सवार रहमान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनको जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इधर, पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि अर्पित वॉलीबॉल के खिलाड़ी थे और राज्य टीम में चयन की तैयारी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, अर्पित और रहमान ने घर पर बताया था कि वे पथरी क्षेत्र में जन्मदिन की एक पार्टी में जा रहे हैं।

# कमांडेंट परेड, कैडेट्स की दमदार कदमताल, हेलीकाप्टर से हुई पुष्पवर्षा



देहरादूनः कदम–कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा आत्मविश्वास और जोश से भरे आफिसर कैडेट्स ने भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के ड्रिल स्क्वायर पर कमांडेंट परेड में शानदार कदमताल की। अंतिम पग के बाद हेलीकाप्टरों ने कैडेट्स पर पुष्पवर्षा कर उत्साह दोगुना कर दिया।

**आइएमए में हुई कमांडेंट परेड**

आइएमए में गुरुवार को पासिंग आउट परेड के रैतिक पूर्वाभ्यास के रूप में कमांडेंट परेड का आयोजन हुआ। शनिवार को होने वाली मुख्य पासिंग आउट परेड में शामिल होने वाले सभी कैडेट्स ने सटीक ताल–मेल से परेड की दमदार प्रस्तुति दी।

**सेना की प्रतिष्ठा अब परः कमांडेंट**

कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने परेड की सलामी ली और कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'सेना की प्रतिष्ठा अब आपके कंधों पर है। चरित्र, सामर्थ्य, प्रतिबद्धता और करुणा यही एक अफसर की असली पहचान है।'

**अफसर बनने की राह चुनौती भरी**

कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि सैन्य अफसर बनने की राह चुनौतियों भरी है, लेकिन कठोर प्रशिक्षण के बाद कैडेट्स ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने हर जवान के प्रति जिम्मेदारी निभाने और उसके भरोसे पर खरा उतरने की प्रेरणा दी।

**विदेशी कैडेट्स की तारीफ की**

कमांडेंट ने विदेशी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। कहा कि उन्होंने न केवल यहां दोस्ती के अमिट रिश्ते बनाए, बल्कि अपने–अपने देशों का भी बेहतरीन प्रतिनिधित्व किया है।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने किया भगवान श्री रघुनाथ का विशेष पूजन

नई टिहरी। ज्योतिषपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की शीतकालीन यात्रा के अंतिम पड़ाव देवप्रयाग में बदरीनाथ तीर्थपुरोहित समाज ने उनका पादुका पूजन करते हुए अभिनंदन पत्र भेंट किया। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र–छात्राओं व आचार्यों ने स्वस्ति वाचन से शंकराचार्य का स्वागत किया। गुरुवार को शंकराचार्य ने उत्तराखंड में सफल शीतकालीन यात्रा के लिए देवप्रयाग में मां गंगा व भगवान रघुनाथ का विशेष पूजन किया। उन्होंने कहा कि, तीर्थ पुरोहित समाज प्राचीन काल से ही विश्वभर को उत्तराखंड की यात्रा के लिए प्रेरित करता रहा है। कहा कि, भारत के 108 दिव्य क्षेत्रों में शामिल देवप्रयाग में प्रवास कर वह यहां स्थित प्रत्येक प्राचीन तीर्थ का दर्शन करेंगे। शंकराचार्य ने कहा कि, जब तक मातृशक्ति संस्कृत को नहीं अपनाती जब तक कोई बालक भी संस्कृत बोलने के लिए उत्साहित नहीं होगा। उन्होंने यहां उपस्थित संस्कृत छात्र–छात्राओं से व्याकरण से जुड़े प्रश्न कर उनका समाधान भी किया। उन्होंने केंद्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय का देवप्रयाग में परिसर खोले जाने पर हर्ष जताया।

# सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर राहुल के आरोपों की खुली पोल

### सरकार से अनुशंसित 8 नामों में से पांच वंचित वर्गों वर्ग से



नई दिल्लीः नेता विपक्ष राहुल गांधी सरकार के सुझावों को जांच परखे बिना ही खारिज कर देते है इसका साक्ष्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर हुई बैठक से मिलने लगा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व राहुल गांधी की मौजूदगी में एक दिन पहले ही सूचना आयुक्तों और सर्तकता आयुक्त का चयन होना था। इस बैठक में राहुल ने सरकार की ओर से अनुशंसित सभी नामों पर आपत्ति जताई और बाहर आ गए। उनका आरोप था कि सभी पदों के लिए जो नाम शार्टलिस्ट किए गए थे उसमें सिर्फ एक वंचित वर्ग से थे। पर जो तथ्य बाहर आ रहे हैं वह बिल्कुल उलट हैं। सरकार की ओर से अनुशंसित आठ नामों में से पांच वंचित वर्गों से ही हैं। सरकार की ओर से जो आठ नाम अनुशंसा किए गए थे उनमें से एक एक एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिला के नाम थे। बताया जाता है कि ये सारे नाम अब राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेज दिया गया है। यानी जो नई नियुक्तियां होंगी उनमें वंचित वर्ग का प्रतिनिधित्व लगभग 65 फीसद दिखेगा। ऐसे में नाम सार्वजनिक होने के बाद राहुल के लिए असहज स्थिति हो सकती है क्योंकि बैठक में उन्होंने वंचित वर्ग से आने वाले इन नामों का भी विरोध किया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार 2005 से 2014 तक, यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान एससी–एसटी समुदाय से एक भी व्यक्ति को आयोग के सदस्य या अध्यक्ष के रूप में नियुक्त नहीं किया गया था। राजग सरकार ने 2018 में अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्य सुरेश चंद्र को आयोग में नियुक्त किया। 2020 में हीरालाल समरिया को सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया और 2023 में वे मुख्य सूचना आयुक्त बने, जो कि अनुसूचित जाति समुदाय से नियुक्त होने वाले पहले मुख्य सूचना आयुक्त थे।

# उत्तराखंड में राशन कार्डधारकों को अभी नहीं मिलेगा चावल, करना होगा थोड़ा इंतजार



देंहरादून। प्रदेश में राशन कार्डधारकों को बांटने के लिए डीलर्स को दिसंबर महीने का चावल अब तक नहीं मिल पाया है। इसकी वजह फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) यानी पोषक तत्वों से भरपूर चावल के दानों की खरीद नहीं हो पाना है। ऐसे में राइस मिलों से सरकारी सस्ते गल्ले के गोदामों तक चावल नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि दिसंबर के अंत तक गोदामों में चावल की आपूर्ति हो पाएगी। प्रदेश में राशन डीलरों को एक सप्ताह पहले अग्रिम राशन दिए जाने का प्रविधान है। यानी दिसंबर का राशन 23 नवंबर से मिलना शुरू हो जाना था, जो अब तक नहीं मिल पाया है। राइस मिलरों ने धान खरीद के बाद चावल तैयार कर दिया है, लेकिन उन्हें इसमें मिलाने के लिए पोषणयुक्त चावल नहीं मिल पाया है। चूंकि इसे मिलाना अनिवार्य कर दिया गया है, इसलिए सरकारी गोदामों को राशन नहीं मिल पाया है। सरकारी गोदामों से जिन सस्ते गल्ले की दुकानों को राशन दिया जाता है, वहां से कार्डधारकों के साथ –साथ मध्याह्न भोजन के लिए स्कूलों को भी राशन की आपूर्ति होती है। ऐसे में यह भी प्रभावित हो रही है।

**क्यों हो रही है देरी?**

पहले तक सरकार आपूर्तिकर्ता से एफआरके खरीदती थी, लेकिन अब नियमों में बदलाव कर दिया गया है। अब सीधे एफआरके का उत्पादन करने वाले से इसकी खरीद की जाएगी। लेकिन इससे पहले एफआरके की गुणवत्ता की जांच केंद्र सरकार की लैब में होगी। बदलावों के चलते इसमें समय लग रहा है।

**कुछ विक्रेताओं को नवंबर का चावल भी नहीं मिला**

रानीबाग निवासी राशन विक्रेता संजय लाल शाह ने बताया कि गोदामों में चावल खत्म होने के चलते उनको नवंबर का राशन भी नहीं मिला पाया। हालांकि ऐसे विक्रेताओं की संख्या काफी कम है, लेकिन उनके क्षेत्र के लोगों को गेहूं भी नहीं मिल पाया है। दरअसल ज्यादातर राशन डीलर एक साथ गेहूं और चावल उठाते हैं।

**...तो एक साथ बांटेंगे दो महीने का राशन**

आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने उच्च अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।

### बांग्लादेश में चुनाव की तारीख का ऐलान

नई दिल्ली। पूर्वी पड़ोसी देश बांग्लादेश में संसदीय चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है। इसके साथ ही पाकिस्तान के हमदर्द और अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की विदाई का वक्त भी करीब आ गया है। बांग्लादेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की कि देश में 13वां संसदीय चुनाव अगले साल 12 फरवरी को होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, मतदान बृहस्पतिवार, 12 फरवरी, 2026 को होगा। टेलीविजन पर देश को संबोधित करते हुए उएउ नसीरुद्दीन ने यह घोषणा की और कहा कि बांग्लादेश पूरी दुनिया को यह दिखाने के लिए तैयार है कि वह "स्वतंत्र और लोकतांत्रिक चुनाव" करा सकता है।

# कुंभ से पहले हरिद्वार का रंग रूप बदलना शुरू



हरिद्वार। हरिद्वार में अर्द्धकुंभ से पहले गंगा घाट के किनारे सभी भवन हल्के भगवा रंग में नजर आने लगे हैं। सुभाष घाट से रंगाई की शुरुआत हो चुकी है। अगले चरण में घर–होटल, धर्मशाला और दुकानों के बोर्ड भी एक रंग–रूप में संवारे जाएंगे। हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) की ओर से शुरू किए गए इस अभियान के प्रारंभिक चरण में कई भवनों को हल्के भगवा रंग में रंगा गया है। विभिन्न दुकानों के बोर्ड और बाहरी आवरण को भी एक समान रंग में ढाला जा रहा है। साइन बोर्ड भगवा रंग में तैयार किए जा रहे हैं, जबकि भवन हल्के भगवा रंग से रंगे जा रहे हैं। सुभाष घाट से शुरू हुए अभियान के तहत शहर की प्रमुख गलियों, बाजारों, होटलों और धर्मशालाओं की बाहरी दीवारों की रंगाई–पुताई के साथ नए साइन बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोग इस बदलाव से उत्साहित हैं। व्यापारी सुमित शर्मा और राजू वधावन ने बताया कि रंगाई से पहले प्रशासन ने राय मांगी थी और सबने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। सौंदर्यीकरण से व्यापार बढ़ने की उम्मीद गंगा किनारे सभी भवनों को एक रंग में रंगने की योजना कुंभ मेला प्रशासन की है,

## सम्पादकीय

# खाकी में दरिंदगी

पुलिस आचरण में दरिंदगी का प्रकरण इस बार देवभूमि उत्तराखंड से सामने आया है। प्रकरण में एक पूर्व आईपीएस अधिकारी को दोषी पाया गया है लेकिन विडंबना यह है कि प्रकरण में फैसला आने से पहले ही उक्त आईपीएस अधिकारी सेवा से इस्तीफा देकर संयुक्त राष्ट्र संगठन में नौकरी के लिए जा चुके हैं। उत्तराखंड के लिए यह वाकई बेहद शर्मनाक है कि एक आरटीआई एक्टिविस्ट को थाने में बुलाकर उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। प्रकरण में पिथौरागढ़ जिले से जुड़े बहुचर्चित मारपीट मामले में तत्कालीन एसपी रहे आईपीएस अधिकारी लोकेश्वर सिंह दोषी पाए गए हैं। राज्य पुलिस प्राधिकरण ने मामले की जांच पूरी करते हुए गृह विभाग को उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर दी है। दो साल पूर्व के इस प्रकरण में पिथौरागढ़ निवासी लक्ष्मी दत्त जोशी ने तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत में कहा गया था कि एसपी ने उन्हें कार्यालय बुलाकर प्रताड़ित किया, कपड़े उतरवाए और छह पुलिसकर्मियों से मारपीट करवाई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। जोशी ने यह भी आरोप लगाया था कि एसपी पहले भी उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा चुके हैं। यह मामला भी शायद दबकर रह जाता लेकिन यहां शिकायतकर्ता ने हार नहीं मानी और आईपीएस अधिकारी के इस कुकृत्य को पुलिस प्राधिकरण तक पहुंचाया। सराहना करनी होगी प्राधिकरण के अधिकारियों की जिन्होंने निष्पक्ष जांच करते हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी को सबूतों के आधार पर दोषी पाया। जांच के दौरान प्राधिकरण ने लक्ष्मी दत्त जोशी के मेडिकल रिपोर्ट और एक्स–रे सबूतों को सही पाया, जबकि एसपी लोकेश्वर सिंह के शपथ पत्रों में कई विरोधाभास सामने आए। इसी के आधार पर प्राधिकरण ने उन्हें दोषी करार दिया है। पौड़ी से एसपी पद पर रहने के दौरान उनका संयुक्त राष्ट्र संगठन में जब चयन हुआ तो इसे उत्तराखंड पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताकर खूब सराहना हुई लेकिन कुछ दिनों में ही तारीफों का यह खेल पूर्व आईपीएस अधिकारी के दरिंदगी भरे व्यवहार के रूप में समाज के सामने आ गया। सोचने की बात यह भी है कि अधिकारों की बात करने पर अधिकारी किस प्रकार से शिकायतकर्ता से पेश आते होंगे यह प्रकरण इसकी एक बानगी है। संयुक्त संगठन में नौकरी मिलना निश्चित तौर पर एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन ऐसी उपलब्धि किस काम की जिसमें कोई अधिकारी हक हकूक की बात करने पर जानवरों जैसा व्यवहार करता हो। अफसर शाही एवं प्रशासन में पारदर्शिता के लिए यह जरूरी है कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा देने के बावजूद उन पर लगे आरोप कम होने वाले नहीं है। यदि ऐसा ही आचरण उनका एक आरटीआई एक्टिविस्ट के खिलाफ रहा हो तो न जाने कितने ऐसे ही मामले पूर्व में भी रहे होंगे जिनमें शिकायतकर्ता पुलिस के भय से सामने ही ना आया हो। अब पिथौरागढ़ प्रकरण में दोषी करार दिए जाने के बाद इस आधिकारी पर राज्य पुलिस प्राधिकरण की संस्तुति के बाद अब गृह विभाग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि एक पीड़ति को न केवल न्याय मिले बल्कि उत्तराखंड पुलिस की छवि को भी खंडित होने से बचाया जा सके।

# मैकाले की विरासत का अभिनंदन

**हरिशंकर व्यास**

मैकाले की शिक्षा नीति से निश्चित ही एक सीमा तक (आखिर उससे पहले भी सदियों से गुलाम थे) भारतीयों में गुलामी की मानसिकता बनी। पर उसका आज़ादी के बाद और पुख्ता होना तो स्वतंत्र भारत के शासन–सत्ता तंत्र से ही है। इस तंत्र के राजाधिराज पिछले ग्यारह वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी स्वयं हैं। और वे संविधान की महिमा का बखान करते हुए नागरिकों से क्या आह्वान करते हैं? यह कि संविधान में बताए कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से निभाना चाहिए। और क्या हैं ये कर्तव्य? मतलब–सरकार को माईबाप मानो। सत्ता की शान में कोई गुस्ताख़ी नहीं।

मैकाले को बेचारा माने या महान? इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने कोसा है। कहा है कि मैकाले भारतीयों की 'गुलामी की मानसिकताइ का ज़िम्मेदार है। पर फिर अगले दिन उन्होंने मैकाले की विरासत का अभिनंदन किया। मत्था टेका। पेचीदा मसला है। सोचें, भारत की आज बनावट और बुनावट क्या है? नरेंद्र मोदी यदि बतौर प्रधानमंत्री सत्ता भोग रहे हैं, तो किसके कारण? इसके लिए वे संविधान को पूजते हैं। और इस संविधान की बनावट–बुनावट क्या है? मोटामोटी अंग्रेज़ मैकाले का सपना। मैकाले, बर्क, जेम्स मिल, लॉर्ड कर्ज़न यानी मालिक अंग्रेज़ों के क़ानूनों, इस्पाती खांचे–ढांचे की शासन–पद्धति का एक कलमबद्ध ग्रंथ!

पर क्या इस सत्य का भान हम भारतीयों को है? लगभग नहीं। यही मैकाले–अंग्रेज़ों की महान उपलब्धि है। वे एक ऐसी क़ौम, एक ऐसा देश रच गए जिन्हें इतना भी अहसास नहीं कि स्वतंत्र भारत की बनावट का आधार ही गुलामी की अंग्रेज़ व्यवस्था है।

यही मैकाले, लॉर्ड कर्ज़न या ब्रिटिश संसद से ठप्पा लगे हुए भारत सरकार अधिनियम 1935 को लागू करवाने वाले गवर्नर–जनरल लॉर्ड विलिंग्डन की महानता का प्रमाण है। ये भारतीयों को इतना अज्ञान में डुबो गए कि उन्हीं की विरासत वाला शासन और उसका संविधान आज भी यथावत है पर उसे प्रधानमंत्री मोदी पूजते हैं और अपने को विश्वगुरु भी कहते हैं!

मैकाले की शिक्षा नीति से निश्चित ही एक सीमा तक (आखिर उससे पहले भी सदियों से गुलाम थे) भारतीयों में गुलामी की मानसिकता बनी। पर उसका आज़ादी के बाद और पुख्ता होना तो स्वतंत्र भारत के शासन–सत्ता तंत्र से ही है। इस तंत्र के राजाधिराज पिछले ग्यारह वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी स्वयं हैं। और वे संविधान की महिमा का बखान करते हुए नागरिकों से क्या आह्वान करते हैं? यह कि संविधान में बताए कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से निभाना चाहिए। और क्या हैं ये कर्तव्य? मतलब–सरकार को माईबाप मानो। सत्ता की शान में कोई गुस्ताख़ी नहीं।

पता है, नागरिकों को कर्तव्यों में बाँधने और सरकार को मनमानी करने की सुविधा देने वाला संविधान प्रावधान कब बना था? जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया हुआ था। कर्तव्य की बात 1950 के मूल संविधान में नहीं थी। इन्हें सोवियत संविधान से प्रेरित होकर इंदिरा गांधी ने आपातकाल के समय मौलिक कर्तव्य के नाम से 42वें संशोधन (1976) में संविधान में डलवाया था।

पर इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी का फर्क है। उन्होंने या उनके आगे–पीछे के किसी प्रधानमंत्री ने सत्तावान बनने के बाद संविधान की वह पूजा–अर्चना नहीं की, जैसी नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लगातार करते हैं। जबकि हिसाब से संघ परिवार और भारतीय संस्कृति के विचारकों ने संविधान को लेकर संविधान सभा की बहस में यह कहा हुआ है कि यह मानो अंग्रेज़ शासन की रचना है। संविधान सभा में डॉ. रघुवीर से लेकर के.एम. मुंशी, के.टी. शाह, एच.वी. कामथ, संपूर्णानंद, रविशंकर शुक्ला आदि कई कांग्रेसी, वामपंथी, राष्ट्रवादी नेताओं ने संविधान के भारतीयकरण यानी देशज बनाने के ढेरों तर्क दिए और भाषण किए।

डॉ. रघुवीर ने भारत की सभ्यतागत राष्ट्र (हिंदू राष्ट्र नहीं) की रचना के लिए सांस्कृतिक तत्वों–ऋत, सत्य, धर्म–जन्य कर्तव्य, राष्ट्रीय भाषा–जैसे सूत्रों को संविधान में समाहित करने की आवश्यकता बताई। उनका आग्रह था कि भारत का संविधान केवल क़ानून का दस्तावेज़ न हो बल्कि यह भारतीय सभ्यता का भाव–दस्तावेज़ भी हो। पर उन्हें नहीं सुना गया। तभी उन्होंने अंत में कहा–यह संविधान भारतीय नहीं लगता; यह भारत की धरती में उगा हुआ वटवृक्ष नहीं, बल्कि विदेशी पौधा है।

डॉ. रघुवीर से भी अधिक मुखर के.एम. मुंशी, एच.वी. कामथ, के.टी. शाह थे। के.टी. शाह विचारों में वामपंथी थे, लेकिन उनका भारतीय संस्कृति की विशिष्टता के आग्रह के साथ तर्क था कि संविधान में यह चिन्हित होना चाहिए कि भारतीय राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत क्या है। इसी तरह नंदलाल बसु, रविशंकर शुक्ला, संपूर्णानंद, लक्ष्मीकांत माने, अनंतराय चौधरी आदि ने देशज शिक्षा, भाषा, नैतिक मूल्यों के सूत्र संविधान में डालने की माँग की।

लेकिन मैकाले का स्टील फ्रेमवर्क, आई.सी.एस. नौकरशाही, प्रभुवर्ग और पंडित नेहरू ने किसी की नहीं सुनी। मानने वाले मानते हैं कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान लिखा। असलियत में अंग्रेज़ संविधान का खाका बना गए थे। सो मैकाले की संतानों ने जैसा चाहा वैसा ही औपनिवेशिक ढांचे को लगभग अपनाते हुए संविधान रचा। उसे लिखना भी क्या था–गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 की सरचनात्मक निरंतरता पर ठप्पा था। इस वास्तविकता का डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में मज़ाक–आलोचना के अंदाज़ में भी आभास कराया। उन्होंने कहा था कि संविधान में गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 के तीन–चौथाई हिस्से उठा लिए गए हैं–तो आयरिश संविधान से भी हिस्से लिए गए!

ऐसा क्यों हुआ? इसलिए क्योंकि नेहरू और उनकी ओर से संविधान मसौदा प्रारूप बनाने वाले आई.सी.एस. अफ़सर बी.एन. राउ–मैकाले की शिक्षा से पोषित स्टील–फ़्रेम की अफ़सर जमात–पूरी तरह लॉर्ड कर्ज़न के फ़लसफ़े की मुरीद थी। और लॉर्ड कर्ज़न का क्या सूत्र था? लॉर्ड कर्ज़न ने बंगाल के टुकड़े करने के अलावा प्रशासन को यह सूत्र भी दिया था कि: भारत को केन्द्र से ही चलाया जाना चाहिए, एक मज़बूत हाथ से, और प्रशासनिक एकता की पूर्ण पकड़ के साथ।

इसी सूत्र से गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 का वह फ्रेमवर्क बना था जिसे संविधान सभा ने अपनाया। ऐसा नेहरू के ठप्पे याकि 'आईडिया ऑफ़ इंडियाइ के इलाहामों से भी था। उनके सपनों को शक्ल1909 में आई.सी.एस. बने कोंकणी ब्राह्मण बेनेगल नरसिंह राउ ने दी। जबकि वे संविधान सभा के सदस्य नहीं थे, मगर नेहरू के पसंदीदा थे। ध्यान रहे कि राउ गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 की ड्राफ्टिंग के समय में भी सैमुअल होरे के सहायक अफ़सर थे। उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटिश महारानी ने उन्हे नाइटहुड से सम्मानीत किया था।एक और तथ्य। 1935 के एक्ट के लागू होने के बाद भारत में प्रांतीय और केंद्रीय असेंबलियों के चुनाव शुरू हो गए थे। चुनाव से चुनी सरकारों के प्रमुख तब 'प्रांतीय मंत्रीइ–'सरकारी मंत्रीइ कहलाते थे। लॉर्ड माउंटबेटन ने उसी क्रम के अंग्रेज़ क़ानून–भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947–के तहत स्वतंत्रता से पहले नेहरू को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

इसलिए यह न सोचें कि संविधान से चुनाव होना और निर्वाचित प्रतिनिधियों व भारतीयों को सत्ता मिलना प्रारंभ हुआ। अंग्रेज़ इस सबका बीजारोपण कर गए थे। सो मैकाले को यदि भारतीयों की मानसिक गुलामी का जनक मानें तो 1905 में लॉर्ड कर्ज़न, 1935 में गवर्नर–जनरल लॉर्ड विलिंग्डन, 1946 में लॉर्ड माउंटबेटन, 1950 में जवाहरलाल नेहरू और 2025 में नरेंद्र मोदी का सिलसिला वही है जो स्टील फ्रेम शासन की विरासत है। इसका मूल मंत्र लॉर्ड कर्ज़न का यह वाक्य था कि भारतीयों पर शासन केंद्रीकरण, आदेशात्मक नियंत्रण और राज्य–नागरिक दूरी की व्यवस्थाओं से होना चाहिए।

इसलिए अंग्रेज़ की व्यवस्था से ही भारत की चाल–ढाल है और भारत का संविधान है। केंद्रीकरण, आदेशात्मक नियंत्रण, और राज्य–नागरिक दूरी की व्याख्या का मामला बहुत बड़ा है, बहुत लिखना होगा। सो फिलहाल इतना ही सोचें कि दिल्ली में 1947 से पहले लाटसाहेब उफ़ 'लॉर्ड माउंटबेटन और उनके तंत्र की बनावट क्या थी? कार्यपालिका के अधिकार नागरिक अधिकारों से बेइंतहा अधिक। आई.सी.एस.–आई.ए.एस. की स्टील फ्रेम में अफ़सर का न बाल–बाका और वह केंद्र नियंत्रित सर्वाधिक सुरक्षित नौकरी लिए। किसी तरह की कोई सीधी जवाबदेही नहीं। वही नागरिकों को अधिकार प्राप्त है मगर पाबंदियों, यानी उचित प्रतिबंधके अधीन।

साथ ही संघीय ढांचा भी लॉर्ड कर्ज़न की सोच अनुसार बना हुआ है। मतलब संविधान ने सबकुछ सरकार यानी कार्यपालिका यानी स्टेट–सेंट्रिक बनवा दिया है। नतीजतन अफ़सरों का धर्म नागरिक के अधिकारों की चिंता नहीं, वेयक्तिक नागरिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि प्रजा को नियंत्रित करना है। जनता पर शासन करना है; उससे जनता अनुमति लेगी, उससे फरियाद करेगी। वह स्वतंत्र नहीं नियंत्रित प्रजा है जिसे राज्य अनुमति देगा, नौकरशाही आदेश देगी और पुलिस–थाने उसे लागू कराएंगे या तलब करेंगे। यही तो अंग्रेज़ों का–मैकाले, कर्ज़न का–औपनिवेशिक राज का मॉडल था। तभी उन दिनों भारत का गवर्नर–जनरल ब्रिटेन में मुफ़स्सिल नेता की तरह होता था लेकिन भारत में वह लाटसाहेब–भगवान। और जिसके कारिंदे कलेक्टर, थानेदार प्रजा में भय बनाए रहते थे। प्रजा पर ऊपर से आदेश आते थे। 'लाइसेंस–परमिट–इंस्पेक्टर राजइ था, और लोग यानी नागरिक महज़ दरख्वास्तकर्ता।

सोचें–नेहरू राज से लेकर नरेंद्र मोदी के राज तक के निरंतर अनुभवों पर। क्या संविधान ने भारतीयों को औपनिवेशिक राज के मॉडल से अलग कोई अनुभव कराया है? किसी भी प्रधानमंत्री ने 'स्टेट बनाम सिटिजनइ की औपनिवेशिक संरचना नहीं बदली। इसलिए कि संविधान ऐसा कहता नहीं। तभी नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी दोनों समान भावसंविधान के प्रति आस्था वैसे ही दर्शाते हैं जैसे धर्मग्रंथ के प्रति। आकिर नेहरू–गांधी परिवार हो या संघ परिवार सभी के लिए संविधान वह साधन है जिससे अंग्रेज़ लाटसाहेबों जैसी सत्ता एकछत्रता जो बनती है। इसलिए मैकाले या कर्ज़न या अंग्रेज़ों को दोषी ठहराना व्यर्थ है तो नरेंद्र मोदी को भी ठहरना व्यर्थ है। सदियों से गुलामी के भोक्ता हम भला कैसे स्वतंत्रता के पंख लिए उड़ सकते है।

# किराएदार के अधिकारों का संरक्षण

यह सोच अपने–आप में सही जगह पर है कि मकान किराए पर लगाने का कारोबार औपचारिक दायरे में आए और जहां अपने मकान की सुरक्षा को लेकर मालिक आश्वस्त हों, वहीं किराएदार के अधिकारों का भी संरक्षण हो।

भारत सरकार का कहना है कि मकान किराया संबंधी नए नियमों में उसने मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। इसके तहत पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। चूंकि अब मकान किराए पर देने से संबंधित दस्तावेज का 60 दिन के अंदर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा, इसलिए समझा जा सकता है कि नए नियमों का मकसद टैक्स वसूली को सुनिश्चित करना भी है। बहरहाल, यह

**ाारत सरकार का कहना है कि मकान किराया संबंधी नए नियमों में उसने मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। इसके तहत पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। चूंकि अब मकान किराए पर देने से संबंधित दस्तावेज का 60 दिन के अंदर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा,**

सोच अपने–आप में सही जगह पर है कि मकान किराए पर लगाने का कारोबार औपचारिक दायरे में आए और जहां अपने मकान की सुरक्षा को लेकर मालिक आश्वस्त हों, वहीं किराएदार के अधिकारों का भी संरक्षण हो।

तो प्रावधान किया गया है कि मकान मालिक मनमाने तरीके से किराया नहीं बढ़ा पाएंगे, सुरक्षा जमा (डिपॉज़िट) की सीमा तय कर दी गई है और किराया वृद्धि को भी नियमित किया गया है। आवासीय मकसद के लिए किराए पर लगाए गए मकान के मालिक अब दो महीने से अधिक का डिपॉज़िट नहीं ले सकेंगे। खासकर बड़े शहरों में चलन छह महीने या सालभर का एडवांस किराया लेने का रहा है। साथ ही मकान मालिक अब अचानक किराया नहीं बढ़ा पाएंगे। इसके लिए उन्हें पहले से नोटिस देना होगा। इसी तरह मकान मालिक अब किसी किरायेदार को अचानक घर खाली करने के लिए मजबूर नहीं कर सकेंगे। इसके लिए निश्चित नोटिस पीरियड और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। किराएदार किसी मरम्मत के लिए शिकायत करता है, तो मकान मालिक को ऐसा 30 दिन के अंदर कराना होगा। वरना, किराएदार को अधिकार होगा कि वह खुद मरम्मत करवा कर आए खर्च को किराए में एडजस्ट कर ले। उधर चूंकि किराएदारी के हर समझौते का डिजिटल स्टांप करवा कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा, तो उससे मकान मालिकों को सुरक्षा मिलेगी। यह भी तय किया गया है कि संबंधित ट्रिब्यूनल को सभी विवादों का निपटारा 60 दिन के अंदर करना होगा। ये अच्छी पहल है। मगर, यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जैसी प्रक्रियाएं उलझाऊ ना हों तथा इसे कराने की सारी जहमत किराएदारों को ही ना उठानी पड़े।

## खेल बुनियादी ढांचे पर भी सवाल

अब हरियाणा के खेल बुनियादी ढांचे पर भी सवाल खड़ा होने लगे हैं, जिससे वहां प्रतिभाओं के उदय की जमीन तैयार हुई थी। 48 घंटों के अंदर दो बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की हादसों में मौत की खबर सदमा पहुंचाने वाली है। भारत के खेल मानचित्र पर इस सदी में हरियाणा का शानदार उदय हुआ। वहां से निकले पहलवानों, निशानेबाजों, एवं दूसरे एथलीट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा कर देश के अंदर हरियाणा की हैसियत बढ़ाई। जैवेलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा की उपलब्धियां इस कहानी को चरम ऊंचाई तक ले गईं। इन सफलताओं का श्रेय इस सदी के आरंभ से हरियाणा में बने स्पोर्ट्स इन्फ्रास्टक्चर को दिया गया। लेकिन हाल के वर्षों में हरियाणा की प्रतिष्ठा पर आंच आने लगी है। पहले तो वहां से उभरी महिला पहलवानों के यौन शोषण के कथित मामलों ने माहौल खराब किया। अब उस बुनियादी ढांचे पर भी सवाल खड़ा होने लगे हैं, जिससे वहां प्रतिभाओं के उदय की जमीन तैयार हुई। 48 घंटों के अंदर दो बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत की खबर सदमा पहुंचाने वाली है। रोहतक के करीब लखन माजरा में 16 वर्षीय हार्दिक राठी की मृत्यु बास्केटबॉल कोर्ट में खंभा गिरने से हो गई। दो दिन पहले बहादुरगढ़ के पास 15 वर्षीय अमल की मौत इसी तरह के हादसे में हुई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने इल्जाम लगाया है कि लखन माजरा में उपलब्ध धन का उपयोग नहीं किया गया, नतीजतन वहां हुई दुर्घटना सीधे तौर पर सरकारी नाकामी का नतीजा है। यह तो आम समझ है कि ऐसी घटनाएं निरंतर निगरानी और रखरखाव में लापरवाही के कारण ही होती हैं। फिर एक जैसे दो हादसे लगातार हो जाएं, तो उनको लेकर गंभीर सवाल जरूर ही उठाए जाएंगे।

# यश की टॉक्सिक का काउंटडाउन शुरू



साउथ सुपरस्टार यश अपनी अगली फिल्म टॉक्सिकः द फेयरी टेल से चर्चा में हैं. केजीएफ 2 की सक्सेस के बाद से एक्टर अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म पर तेजी से काम कर रहे हैं. फिल्म अगले साल रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म आज से 100 दिन बाद दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इससे पहले यश ने अपने फैंस को फिल्म से एक खास तोहफा दिया है. एक्टर ने अपनी फिल्म से अपना एक नया पोस्टर शेयर किया है. एक्टर अपनी शादी की 9वीं सालगिरह भी सेलिब्रेट कर रहे है. इस मौके पर एक्टर ने फैंस को खास तोहफा दिया है. यश ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म टॉक्सिक से अपना एक नया पोस्टर शेयर किया है. इस पोस्टर में वह बाथटब में बैठे हुए हैं और उनके लंबे–लंबे बाल और पीठ की दमदार मसल्स दिख रही है. फिल्म टॉक्सिक से अपने नए पोस्टर को शेयर कर एक्टर ने लिखा है, 100 दिनों में फेयरी टेल की कड़ियां खुलेंगी, फिल्म गुरुवार 19 मार्च 2026 को फेस्टिव वीकेंड (उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद) में रिलीज होगी. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों का हॉलिडे वीकेंड मिलेगा, जिससे यश बॉक्स ऑफिस पर अपनी परफॉर्मेंस से आग लगा देंगे. फिल्म टॉक्सिक की कहानी गीतू मोहनदास ने लिखी है और उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट किया है. फिल्म इंग्लिश और कन्नड़ में बन रही है और हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम समेत कई भारतीय और इंटरनेशनल भाषा में रिलीज होने जा रही है.

# हरमनप्रीत के नाम पर बना स्टैंड, यह सम्मान हासिल करने वाली बनीं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर




नई दिल्ली। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20क मुकाबले से पहले ऐतिहासिक नजरा दिखा। मैच की शुरुआत से पहले भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज सितारों युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

न्यू चंडीगढ़ क्रिकेट स्टेडियम में हरमनप्रीत कौर के नाम स्टैंड का अनावरण किया गया। साथ में युवराज सिंह के नाम भी स्टैंड का उद्घाटन किया गया। स्टेडियम के दो स्टैंड आधिकारिक रूप से इनके नाम पर समर्पित किए गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में हरमनप्रीत कौर के अलावा हरलीन देओल और अमनजोत कौर भी मौजूद थीं।

**बनीं दूसरी महिला क्रिकेटर**

हरमनप्रीत कौर के नाम के स्टैंड ऐतिहासिक रहा। वह मात्र दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं जिनके नाम का स्टैंड बना गया। इससे पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान झूलन गोस्वामी के नाम का एक स्टैंड (ब्लॉक बी गैलरी) बनाया गया था। पूर्व तेज गेंदबाज के भारतीय क्रिकेट में योगदान को देखते हुए उअइ ने उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद से भारतीय महिला क्रिकेटरों को सम्मानित करने की अनोखी मुहिम चली।

**11–11 लाख का मिला इनाम**

स्टैंड का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य सरकार की ओर से घोषित 11–11 लाख रुपये की राशि हरमनप्रीत, हरलीन और अमनजोत को भेंट की। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में हाल ही में भारत ने पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीता है। टीम की जीत में इन तीनों महिला खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा।

# त्रिगुण और हेबा पटेल हॉरर थ्रिलर ईशा ट्रेलर रिलीज़




आगामी हॉरर थ्रिलर ईशा में त्रिगुण और हेबा पटेल मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही अखिल राज, सिरी हनमंत और पृथ्वीराज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। टीम ने हाल ही में एक नया और खौफनाक ट्रेलर रिलीज़ किया है जो तुरंत ध्यान खींच लेता है। इसकी शुरुआत चार दोस्तों से होती है जो धोखेबाज आध्यात्मिक गुरुओं के पीछे की सच्चाई का पता लगाने निकलते हैं। हालाँकि, बबलू पृथ्वीराज भूतों के अस्तित्व को साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर आगे आता है, और उन्हें और दर्शकों को एक अंधेरे, अशांत क्षेत्र में खींच ले जाता है, जो भयावह क्षणों से भरा है। दोस्त जल्द ही खुद को भय से घिरा हुआ पाते हैं। जैसे–जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, एक खौफनाक, वीरान घर दिखाई देता है जिसमें छिपी हुई आत्माएँ रहती हैं, और चारों दोस्त अंदर फँसे हुए हैं। उनके अस्तित्व के संघर्ष पर केंद्रित कहानी दर्शकों को उनके भाग्य के बारे में जानने के लिए उत्सुक कर देती है। उस भूतिया इमारत के अंदर उनके साथ क्या हुआ था? उस वीरान इमारत का काला इतिहास क्या है? ये झलकियाँ कई दिलचस्प सवाल खड़े करती हैं।

## धुरंधर की धुंआधार कमाई चौथे दिन भी जारी, रणवीर सिंह ने तोड़ा ये बड़ा रिकॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2025 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन चुकी है। यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी, जिसके बाद से इसकी धुंआधार कमाई बॉक्स ऑफिस पर जारी है। बंपर ओपनिंग करने के बाद धुरंधर ने वीकेंड पर तहलका मचा दिया था। कारोबारी दिनों पर भी इसका ये जलवा कायम है। लगातार दर्शकों और सितारों की प्रशंसा हासिल कर रही धुरंधर के चौथे दिन की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं।

आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर दिसंबर, 2025 में लंबी रेस का घोड़ा बनकर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 23 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है। पहले दिन 28 करोड़, दूसरे दिन 32 करोड़ और तीसरे दिन 43 करोड़ के साथ धुरंधर ने कुल 4 दिनों में 126 करोड़ कमाए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया अंडर–19 विश्व कप टीम में दो भारतीय मूल के खिलाड़ी





मेलबर्न, भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जान जेम्स को नामीबिया और जिंबाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर–19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे, जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के विरुद्ध खेली थी। भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा कि आईसीसी अंडर–19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक–दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उन्होंने सितंबर में भारत के विरुद्ध अंडर–19 सीरीज और हाल ही में पर्थ में खेली गई राष्ट्रीय अंडर–19 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम जनवरी की शुरुआत में नामीबिया पहुंचेगी और नौ से 14 जनवरी तक अभ्यास मैच खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया की अंडर–19 पुरुष टीम

ओलिवर पीक(कप्तान), कैसी बार्टन, नादेन कूरे, जेडन ड्रेपर, बेन गार्डन, स्टीवन होगन, थामस होगन, जान जेम्स, चार्ल्स लाचमंड, विल मलाजचुक, नितेश सैमुअल, हेडन शिलर, आर्यन शर्मा, विलियम टेलर, एलेक्स ली यंग।

## एक नजर

### आज से शुरू होगें तीन दिवसीय कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ शुक्रवार 12 दिसम्बर से होगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सभा के संजय मित्तल ने दी।

### गजल्ड में शिकारी जॉय हुकिल का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गजल्ड में बुधवार की देर शाम गुलदार के ढ़ेर होने के बाद प्रभावित ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गजल्ड में गुलदार के 4 दिसंबर के हमले के बाद से ग्रामीणों में गुलदार की दहशत बनी हुई थी। गुरुवार को ग्रामीणों ने गांव पहुंचे शिकारी जॉय हुकिल स्वागत किया। कहा कि उनके तैनात होने के बाद ग्रामीणों को गुलदार के आंतक से राहत मिली। वन विभाग के अफसरों के अनुसार ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए टीमें पूर्व की भांति ही तैनात रखी जाएगी।बता दें कि गुलदार ने पहले यहां एक व्यक्ति को मार दिया तो इसके बाद ग्रामीणों के मवेशियों को भी शिकार बनाया। इसके बाद यहां विभागीय टीम ने डेरा डाला और पिंजरे लगाएं, लेकिन गुलदार न तो पिंजरे में कैद हुआ और नहीं ट्रैंक्यूलाइज हो पाया। इसके बाद ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए विभागीय टीम के साथ पौड़ी निवासी अनुभवी शिकारी जॉय हुकिल और रिटायर सहायक डीपीआरओ राकेश बड़थ्वाल की जोड़ी को भी यहां तैनात किया गया। जॉय हुकिल के पास अब तक 47 नरभक्षी गुलदारों के मारने का लंबा अनुभव है, तो वहीं राकेश बड़थ्वाल भी अनुभवी शिकारी है। विभागीय टीम के साथ दोनों ही शिकारियों ने गजल्ड में गुलदार की पहचान की। गजल्ड के ग्राम प्रधान शंकर नौटियाल ने कहा कि यहां सक्रिय गुलदार से वन विभाग टीम ने ग्रामीणों को राहत दिलाई है। पिछले करीब एक सप्ताह से ग्रामीण गुलदार की दहशत में जीने को विवश थे। ग्राम प्रधान ने वन विभाग से कह कि गांव से अभी न तो टीम को हटाया जाए और नहीं यहां लगे पिंजरों को, ताकि ग्रामीण सुरक्षित रह सके। इधर, गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने कहा कि पूरी टीम के सहयोग से यहां सक्रिय गुलदार को मारा जा सका है, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए टीमें पूर्व की भांति ही तैनात रखी जाएगी।

### श्रीनगर को सोलर सिटी विकसित करने का आदेश जारी

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए शासन स्तर से आदेश जारी होने पर मेयर आरती भंडारी ने सीएम धामी का आभार जताया है। नगर निगम श्रीनगर महापौर आरती भंडारी ने कहा कि यह निर्णय पूरे शहर के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेले के दौरान मुख्यमंत्री धामी की श्रीनगर को 'सोलर सिटी' बनाने की घोषणा पर आदेश जारी होना बड़ी उपलब्धि है। जल्द ही नगर निगम श्रीनगर को पूर्ण रूप से सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। कहा कि सोलर सिटी परियोजना न सिर्फ बिजली बिलों में कमी लाएगी, बल्कि शहर को पर्यावरणीय दृष्टि से भी सुरक्षित और उन्नत बनाएगी। बताया कि नगर निगम प्रशासन ने भी परियोजना से जुड़े प्रारंभिक कार्यों की तैयारी शुरू कर दी है। (एजेंसी)

### जौगनीसैंण में पालिटेक्निक भवन निर्माण की कवायद शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय पालिटेक्निक जौगनीसैंण के भवन निर्माण हेतु चयनित भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के लिए संयुक्त निदेशक तकनीकी शिक्षा आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। समिति ने जौगनीसैंण स्थित चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पटवारी, शिकायतकर्ता मुकेश लखेड़ा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भूमि की भवन निर्माण के लिए उपयुक्तता, आपदा जोखिम, तथा निर्माण योग्यता से संबंधित सभी बिंदुओं का बारीकी से परीक्षण किया।

# आईएचएमएस कॉलेज के 17 छात्रों का हुआ फाइव स्टार होटलों में चयन



### होटल मैनेजमेंट कोर्स बीएचएम के अंतिम वर्ष के छात्रों को ट्रेनिंग के बाद मिली नियुक्ति

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स बीएचएम की शिक्षा ले रहे 17 छात्रों का देश के प्रतिष्ठि फाइव स्टार होटलों के लिए चयन हुआ है।कॉलेज के ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर हर्षपाल सिंह रावत ने बताया कि कॉलेज में संचालित होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स बीएचएम के अंतिम वर्ष के 17 छात्रों ने देश के प्रतिष्ठित होटल ताज जम्मू, ऑबराय पैलेस उदयपुर, हयात सैंट्रिक देहरादून, रेडशन ब्लू कौशांभी, वैस्टीन जयपुर, जे. डब्लू मैरोट चंडीगढ़ और हॉलीडे इन गुरुग्राम में ट्रेनिंग की। जिसके बाद इन्हीं होटलों में विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन हो गया है। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजयराज नेगी ने बताया कि संस्थान में होटल मैनेजमेंट के तीन वर्षीय डिग्री कोर्स बीएचएम और एक वर्षीय सट्रिफीकेट कोर्स सीएमएच, कंप्यूटर साइंस में बीसीए, बीएससी आईटी, एमसीए और मैनेजमेंट के कोर्स बीबीए, एमबीए में शिक्षा लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ रोजगार परक शिक्षा भी दी जाती है। जिसके कारण कोर्स के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आने वाली कंपनियों में आसानी से चयन हो जाता है।

**इन छात्रों का हुआ चयन**

होटल मैनेजमेंट बीएचएम बैच 2022-2026 के छात्र अभिषेक सिंह, अभुदय रावत, आशुतोष चंद्र, आयुष कुमार, दिलीप सिंह असवाल, मो. मुजम्मिल, मोहित सिंह असवाल, प्रशांत कुलाश्री, प्रियांशु गौड़, राहुल सिंह रावत, रोहित सिंह बिष्ट, सागर पटवाल, शिभम रावत, शिभम सिंह, सुयश चौहान, टिंकू और विवेक खत्री का चयन उक्त फाइव स्टार होटल में हुआ है।

# रक्तदाता ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान



बेस हास्पिटल के ब्लड़ बैंक में नन्हीं दुनिया भावी राष्ट्र की कार्यकर्ता आंचल नेगी रक्तदान करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बेस हॉस्पिटल में गुरूवार को नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने मानवता की मिशाल पेश की। संगठन की स्वयं सेवी आंचल नेगी ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। रक्तदाता आंचल ने कहा कि रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान करने से ही पूरी हो सकती है। इसलिए हमें रक्तदान करना चाहिए और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना चाहिए।

संगठन के अध्यक्ष अनुराग कंडवाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती रिखणीखाल निवासी संतोषी देवी की पीलिया तथा खून की अत्यधिक कमी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा मदद की गुहार लगाई गई।

सूचना मिलते ही नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के कार्यकर्ता तुरंत बेस हॉस्पिटल पहुंचे, जहां पर संस्था की स्वयं सेवी आंचल नेगी का रक्त ग्रुप मरीज से मैच होने पर उन्होंने रक्तदान किया, जिससे मरीज की जान सुरक्षित हो पाई। कहा कि संगठन के कार्यकर्ता पहले भी रक्तदान करते आए हैं और भविष्य में भी तत्पर रहेंगे। संस्था द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की अस्पताल प्रशासन एवं परिजनों ने सराहना की।

# वन विभाग ने पोखड़ा ब्लॉक के देवराड़ी गांव में बढ़ाई गश्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जंगली जानवरों के हमलों से लोग दहशत में है। गुलदार के बढ़ते हमलों के बाद पोखड़ा ब्लॉक के बगड़ीगाड़, घंडियाल, मसमोली, मटगल के साथ ही अब देवराड़ी में गुलदार की दहशत बन गई है। जनपद के पोखड़ा ब्लाक के देवराड़ी गांव में गुलदार के हमले के बाद वन विभाग ने गश्त बढ़ा दी है।

बता दें कि बीती बुधवार को गांव की महिलाओं के साथ घास काट रही एक महिला पर गुलदार ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया था। पोखड़ा ब्लाक में हमले के बाद डीएफओ गढ़वाल ने यहां का दौरा किया। देवराड़ी में गुलदार के सक्रिय हो जाने के बाद वन विभाग की टीमें यहां भी गश्त कर रही है। बीती 13



नवंबर को बगड़ी में गुलदार ने एक महिला को मार दिया था। इसके बाद 15 नवंबर घंडियाल गांव में भी गुलदार ने महिला को घायल किया था। वन विभाग ने यहां सक्रिय गुलदार को नरभक्षी घोषित कर यहां टीमें तैनात की हुई है। इस बीच गुलदार ने बुधवार को प्रभावित गांव बगड़ी से करीब 10 किलोमीटर दूर देवराड़ी में घास काट रही महिला पर हमला कर दिया। देवराड़ी में गुलदार के हमले के बाद वन विभाग ने यहां गश्त तेज की है।

ग्रामीणों ने क्षेत्र में एक के बाद एक गुलदार के हमलों के बाद नाराजगी जताई है। पोखड़ा के प्रमुख संजय गुंसाई और पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने नरभक्षी गुलदार को लेकर 13 दिसंबर को समाप्त हो रहे आदेशों को आगे बढ़ाने की मांग वन विभाग से की है।

गढ़वाल वन प्रभाग की एसडीओ लक्की शाह ने बताया कि देवराड़ी में भी टीम गश्त में तैनात है। इसके साथ ही बगड़ी आदि क्षेत्रों में तैनात टीमें भी अभी हटाई नहीं गई हैं और यहां पिंजरे लगे है। गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### महाराज ने गुलदार के हमले में घायल कंचन का जाना हालचाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चौबट्टाखाल के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर गुलदार के हमले में गंभीर घायल पोखड़ा के देवराड़ी गांव निवासी कंचन का हालचाल जाना। महाराज ने डॉक्टरों से बातचीत कर समुचित उपचार दिए जाने को भी कहा। महाराज ने विधानसभा चौबट्टाखाल में जंगली जानवरों के हमलों को लेकर वन मंत्री सुबोध उनियाल से भी बातचीत की और लोगों की सुरक्षा के साथ ही घटनाओं का अध्ययन कर जरूरी कदम उठाने को कहा।

कहा कि वन्य जीवों के हमलों से ग्रामीणों में दहशत बनी है। वहीं ग्रामीण से भी अपील की है कि वह कहीं भी अकेले ना जाएं और अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। बता दें कि बुधवार को गांव की महिलाओं के साथ घास काट रही देवराड़ी गांव निवासी कंचन को गुलदार ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया था। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के अनुरोध और महाराज के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने घायल महिला को एयर लिफ्ट कर एम्स पहुंचाया। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और भाजपा युवा नेता सुयश रावत ने ऋषिकेश एम्स पहुंचे और घायल कंचन देवी का हालचाल पूछा। इस दौरान महाराज ने डाक्टरों से बातचीत कर उनकी देखभाल और उचित इलाज करने को भी कहा।

# महात्मा गांधी हिंदी राजभाषा ओलिंपियाड में आर्मी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन के छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी हिंदी राजभाषा सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर के ओलिंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 10 तक के कुल 133 विद्यार्थियों ने उत्साह और लगन के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता परिणामों में विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें 130 विद्यार्थियों ने प्रथम, दो विद्यार्थियों ने द्वितीय, एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस अवसर पर कक्षा 10 की अक्षिता रौतेला, कक्षा 9 की अनन्या यादव, कक्षा 7 की आयत नसीम को राजभाषा हिंदी प्रतिभा पुरस्कार के अंतर्गत प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। विद्यालय की संस्कृत एवं हिंदी अध्यापिकाएं संगीता धस्माना और गौरी कंडारी को विद्यार्थियों के उत्कृष्ट निर्देशन, मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए विशेष



रूप से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रधानाचार्य को भी प्रमाण पत्र सौंपा गया। प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रगाढ़ करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु संस्कृत एवं हिंदी विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानाचार्य ने विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सशक्त मार्गदर्शन में विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करता रहेगा।

# पूजा-पाठ के नाम पर लाखों की ठगी, अभियुक्त मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार

### बाबा बनकर बुजुर्गों को फोन कॉल कर देता था पूजा-पाठ कराने का झांसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सतपुली पुलिस ने पूजा-पाठ के नाम पर की गई लाखों की ठगी का खुलासा किया है। पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबा बनकर बुजुर्गों को फोन कॉल कर पूजा-पाठ कराने का झांसा देकर ठगी करता था।

19 सितंबर 2025 को वादी राकेश चन्द्र बलोदी निवासी सतपुली द्वारा थाना सतपुली में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की माताजी को फोन पर वार्ता के जरिये पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान कराने के नाम पर 05 लाख 58 हजार की आनलाइन ठगी की। जिस संबंध में थाना सतपुली मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार ने आमजन के साथ हो रही साइबर एवं आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर



अभियुक्तों की पहचान एवं शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्र मोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पौड़ी तुषार बोरा के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सतपुली जगमोहन रमोला के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियोग में संलिप्त अभियुक्त मोसीन मलिक को मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम मोसीन मलिक पुत्र बाबूदीन निवासी ग्राम चोरावाला, थाना ककरोली, जानसट, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश बताया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक सोहन लाल, मुख्य आरक्षी हेमन्त कुमार, आरक्षी सुरेश शाह, गंभीर सिंह शामिल थे।

# संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को दें जानकारी

### भाबर में कण्वघाटी चौकी प्रभारी राजाराम डोभाल ने गणमान्य व्यक्तियों से की वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर के कण्वघाटी पुलिस चौकी में नवनियुक्त एसआई राजाराम डोभाल ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता कर क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने सभी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल करवाने के लिए सहयोग करने के साथ ही किरायदारों का सत्यापन करवाने की अपील की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ समय-समय पर गोष्ठी करने के निर्देशानुसार कलालघाटी चौकी प्रभारी एसआई राजाराम डोभाल ने गुरूवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, टैम्पो और टेक्सी यूनियन के पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ स्थानीय समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान मिशन मर्यादा, नशे की रोकथाम के लिए एन्टी ड्रग टास्क



कलालघाटी चौकी प्रभारी एसआई राजाराम डोभाल बैठक जानकारी देते हुए।

फोर्स, मोबाईल एप्प पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने, साइबर ठगी से सम्बन्धित अपराधों की सूचना 1930 पर देने, मकान मालिक द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन कराने, संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर 112 पर सूचना देने, यातायात के नियमों का पालन करने, नाबालिकों को वाहन न देने, होटलों, रिसोर्ट में ठहरने के लिये आने वाले पर्यटको का रजिस्ट्रेशन करने तथा पहचान पत्र लेने के लिये प्रेरित किया। बैठक में पार्षद जेपी बहुखण्डी, मनीष नैथानी, भीम सिंह नेगी, राजेंद्र बिष्ट, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह रावत, व्यापार संघ अध्यक्ष सुनील थपलियाल, विनोद धुलिया, गीता सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर पर लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के छात्र संघ पदाधिकारियों ने बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्र पर मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के डॉक्टरों द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। उधर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि एमएस के निर्देश में कमेटी बनाकर मामले की जांच की जा रही है।

जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को दिए ज्ञापन में गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, सचिव अनुरोध पुरोहित, सह-सचिव अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष वेदवाल ने कहा कि बीते 28 अगस्त को गढ़वाल विवि के बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र आकाश बोहरा के हॉस्टल में खेलते समय पैर में लोहे का सरिया लग गया था। वह बेस चिकित्सालय इंजेक्शन लगाने पहुंचे थे।ल, जिसके एक सप्ताह बाद आकाश को पूरे शरीर पर रैशेज, भयंकर सूजन और असहनीय दर्द होना शुरू हुआ। डॉक्टरों ने तीन सप्ताह तक केवल दवाइयां देकर मामला टाल दिया। जब दिल्ली एम्स में जांच हुई तो पता चला कि गलत इंजेक्शन के कारण आकाश के बाएं कंधे में पोस्टीरियर लेब्रल सिस्ट बन गया है, जिससे हड्डियां पूरी तरह से कमजोर हो रही हैं और तत्काल 2 लाख रुपये की सर्जरी की जानी है। उन्होंने गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही की तत्काल उच्च स्तरीय जांच करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने, आकाश का पूरा इलाज सर्जरी सहित उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। कहा कि पूर्व में भी इस मामले को लेकर पत्र दिया गया था, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी। कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही नहीं की जाती है तो छात्रसंघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। (एजेंसी)


## कार्यालय ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बड़कोट (मनि0)

पत्रांक : /2- लेखा/ रा0वि0/केन्द्रीय वित्त/ 2025-26 दिनांक दिसम्बर 2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा ग्राम पंचायत बड़कोट (मनि0) में अतिरिक्त कक्ष स्थापना हेतु दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/निविदा बॉक्स में पंजीकृत फर्मों से द्वि-निविदा (टू-ब्रिड) प्रणाली के अनुसार शील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जोकि उसी तिथि दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 02:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी या उसके नामित अधिकारी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 17.12.2025 से दिनांक 20.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर निर्धारित मूल्य पर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री की आपूर्ति करने | अतिरिक्त कक्ष की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 10000.00 | 500.00 +18% जी0एस0टी0 | 60 दिन | 500000.00 |

**(फुरकान अली)**
**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत- बड़कोट (मनि0)**
**कल्जीखाल गढ़वाल।**

## कार्यालय- ग्रा0 प्रधान/ग्रा0पं0वि0 अधि0 सलोन विकासखण्ड-थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक : मैमो/सात-2/ लेखा/ रा0 ग्राम स्वराज अभियान /2025-26

### अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र 13/12/2025 से 15/12/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 20/12/2025 में अपराहन 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है निविदा प्रपत्रों को दि. 20/12/2025 में अपराहन 2:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा0प0वि0अधि0 सलोन के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सलोन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 10,000=00 | 1200/- +18% GST अतिरिक्त | 03 माह | डी एवं उच्चतर |

1. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक FD /पोस्ट आफिस बुक के रूप में जो के ग्रा0प0 सलोन के पदनाम बन्धक हो।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं रू. 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैधता की शर्तों के लाना अनिवार्य है।
3. निर्माण कार्य उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग की डी0एस0आर0 विशिष्टियों के अनुसार सम्पादित किया जायेगा।

4- अतिरिक्त कक्ष निर्माण में होने वाली सामग्री को उपयोग में लाने से पूर्व सामग्री का परीक्षण प्रयोगशाला में अवश्य करा लिया जाये।
5- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**नोटः**- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम पंचायत सलोन**
**वि0ख0 थलीसैंण**
**पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)**

## संक्षिप्त समाचार

### जनप्रतिनिधियों ने बीडीसी में आपदा मद में धन की मांग

नई टिहरी। विकास खण्ड भिलंगना की प्रथम बीडीसी की बैठक गुरुवार को विकास खण्ड सभागार में क्षेत्र पंचायात प्रमुख राजीव कण्डारी की अध्यक्षता तथा स्थानीय विधायक शक्ति लाल शाह व डीएम नितिका खण्डेलवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुई । इस बीडीसी बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सदन के उपस्थित सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं से सदन को अवगत कराया। जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों ने विस्तृत जबाब रखे। सदन के सदस्यों नेआपदा ग्रस्त क्षेत्र में धनराशि दिलाए जाने की मांग पर डीएम ने अधिकांश प्रस्ताव को मंजूरी देने की बात कही तथा धनराशि स्वीकृत करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि आपदा क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। डीएम ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र में अपनी–अपनी योजनाओं से सम्बंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें तथा क्षेत्र का समय–समय पर दौरा करें, ताकि आम जनमानस को हो रही दिक्कतों का समाधान किया जा सके। ग्राम प्रधान जमोलना सुमति सेमवाल ने उनके गांव को सड़क सुविधा से जोड़ते तथा क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर व पेयजल योजना तथा क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण तथा प्रभावित कास्तकारों को प्रतिकर दिलाये जाने की मांग की। ग्राम प्रधान कर्ण गांव उदय नेगी ने केपार्स के पास लगे जीओ के टावर को सुचारू करने की मांग की।

### औद्यानिकी को माली ट्रेनिंग सेंटर देगा मजबूती: नेगी

नई टिहरी। प्रतापनगर में शोध प्रसार केंद्र एवं माली ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण कार्य का प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि काफी प्रयासों के बाद इसमें सफलता मिली। इसके निर्माण से औद्यानिकी को बढ़ावा मिलेगा। औद्यानिकी के क्षेत्र में प्रदेश सम्पन्न हो सकता है, पर्वतीय क्षेत्र में कृषि औद्यानिकी में अपार संभावनाएं हैं। जिस पर कार्य करने की आवश्यकता है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के डीन प्रो टीएस मेहरा ने कहा कि माली ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण से प्रतापनगर क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल पौधों,जड़ी–बूटी का प्रशिक्षण देकर नर्सरी तैयार की जाएगी। यूनिवर्सिटी के डा उदय भानु प्रताप, डा पदम सिंह व कार्यदाई संस्था उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम चम्बा के जूनियर इंजीनियर अजय आर्य ने विधायक विक्रम सिंह नेगी का आभार व्यक्त किया।

# कल्जीखाल की बीडीसी बैठक में छाया रहा भालू और गुलदार का मुद्दा



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : क्षेत्र पंचायत कल्जीखाल की प्रथम बीडीसी रोस्टर के अनुसार गुरूवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। क्षेत्र पंचायत प्रमुख गीता देवी की अनुपस्थिति में ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक में विभागों की बिंदु वार चर्चा हुइ। बैठक में अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भालू और बाघ की सक्रियता का मुद्दा उठाया।

हालांकि प्रभागीय उप वन अधिकारी एवं वन क्षेत्र अधिकारी दिनेश चंद्र नौटियाल जनप्रतिनिधियों को गश्त करने और कार्यवाही करने का ही भरोसा देते रहे।

क्षेत्र पंचायत सदस्य सिरों प्रीति नेगी ने कहा कि क्षेत्र में भालू की सक्रियता अधिक है। जिस कारण ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान के मुद्दे भी छाए रहे। प्रथम बीडीसी बैठक में अधिकांश जनपदीय अधिकारियों के नदारद रहने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित अंथवाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तो हमको रोज ही मिलते है। क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय डबराल ने कल्जीखाल में राउमा विद्यालय में अंग्रेजी अध्यापक का रिक्त पद भरने की मांग की, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान सिरों मीना धस्माना ने बताया कि हम स्वच्छ भारत की बात करते है लेकिन हमारे विद्यालय के बच्चे शौच करने झाड़ियों में जा रहे है। जबकि सिरों गांव पूर्व मुख्यमंत्री का गांव भी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित अथंवाल ने बताया कि मां ज्वाल्पा धाम में संस्कृत विद्यालय जो की गुरुकुल की पद्धति पर संचालित होता है, लेकिन विद्यालय सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। कनिष्ठ प्रमुख दीपक असवाल ने सहकारिता विभाग पर अनियमिताओं का आरोप लगाया। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को कहा कि वह अपनी कार्यों में पारदर्शिता लाएं और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का सदन में और सदन के बाहर क्षेत्र में भी गंभीरता पूर्वक संज्ञान ले। किसी भी कर्मचारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर जिला उद्यान अधिकारी मनोरंजन भंडारी, अंचल बिष्ट आरडब्ल्यूडी, कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी अरविंद भट्ट, सहायक अभियंता लोनिवि फिरोजखान, खंड विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश बलूनी, सहायक खंड विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद भट्ट, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आश्चर्य कुमार, सहायक पंचायत अधिकारी पंकज कुमार, भागवत सिंह सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# बंसती रावत के निधन पर जताया शोक



जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : राधा कृष्ण कीर्तन मंडली सतपुली की अध्यक्ष श्रीमती बसंती रावत का गुरूवार को निधन हो गया है। वह बचपन से ही राधा कृष्ण मंदिर सतपुली की सेवा कर रही थी। उनके निधन की खबर से सतपुली बाजार में शोक के लहर दौड़ गई।

बसंती रावत ने सतपुली कीर्तन मंडली को कई मुकाम दिलवाए। उन्होंने उत्तराखंड ही नहीं राम जन्म भूमि, कृष्ण जन्मभूमि सहित अन्य विभिन्न धार्मिक स्थानों की यात्राएं भी कार्रवाई। उनके निधन पर सतपुली की राधा कृष्ण कीर्तन मंडली एवं स्थानीय व्यापारों ने शोक व्यक्त किया। कीर्तन मंडली की महिलाओं ने भी दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। कहा कि बसंती रावत के त्याग, बलिदान को सतपुली कीर्तन मंडली हमेशा याद रखेगी। शोक व्यक्त करने वालों में सुनीता रौतेला, पाराशरी देवी, लक्ष्मी देवी, चंद्रकला देवी, मंजू देवी, गुड्डी देवी, पूर्णिमा बिष्ट, व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदेव नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता सतपुली पुष्पेंद्र राणा आदि शामिल थे।

# कालीमाई की देवरा यात्रा में भक्त ले रहे आशीष

रुद्रप्रयाग। बीकेटीसी और कालीमाई पंचगांई समिति कालीमठ के संयुक्त तत्वावधान में सिद्धपीठ कालीमाई की प्रथम चरण देवरा तीर्थयात्रा के बुधवार को मां की डोली कविल्ठा में घर–घर जाकर भक्तों की कुशलक्षेम पूछ रही है। इस दौरान भक्तजन भी मां काली का पुष्प एवं अक्षतों से जोरदार स्वागत कर रहे हैं। अपने पंचगाई गांवों के भ्रमण के बाद मां की देवरा यात्रा 13 जनवरी को देवप्रयाग पहुंचेगी तथा 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर स्नान करेगी। गत सात दिसम्बर से कालीमाई की देवरा यात्रा 15 वर्षों के अंतराल के बाद शुरू हुई थी। गत मंगलवार को मां कालीमाई की देवरा यात्रा रात्रि प्रवास के लिए कविल्ठा गांव पहुंची थी। जिसके बाद बुधवार को सुबह पुजारी ने मां काली भी विशेष पूजा अर्चना कर भोग लगाया। जिसके बाद देवरा यात्रा ने कविल्ठा में घर–घर जाकर भक्तों की कुशलक्षेम पूछी। मां की यात्रा विश्व कल्याण एवं सुख–समृद्धि के लिए भक्तों के घर–घ पहुँचकर अपना आशीर्वाद दे रही है। वहीं भक्तजन भी मां का अपने द्वार पर पुष्प एवं अक्षतों से जोरदार स्वागत कर रहे है। देवरा यात्रा को लेकर पंचगाई गांव के ग्रामीणों में खासा उत्साह दिख रहा है। इस दौरान मां काली की डोली नृत्य कर भक्तों को अपना आशीष देकर आगे बढ़ रही है। मां काली की देवरा यात्रा चार वर्षों तक प्रत्येक वर्ष चलेगी। देवप्रयाग के बाद अगले तीन वर्षों में दूसरे वर्ष में केदारनाथ, तीसरे वर्ष में बद्रीनाथ और चौथे वर्ष पुनः अपने गूंठ गांवों में भ्रमण करेगी।

### रावत प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बने

रुद्रप्रयाग। जनपद के विकासखंड ऊखीमठ प्रधान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्ममति से त्रिलोक सिंह रावत को ब्लाक अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किए गए। ब्लाक सभाागार में आयोजित बैठक में ब्लाक प्रमुख पंकज शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रधान संगठन की ब्लाक कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से संरक्षक मनवर नेगी, अध्यक्ष त्रिलोक सिंह रावत, उपाध्यक्ष विनोद नेगी व महेन्द्र सेमवाल, महामंत्री मदन भट्ट, कोषाध्यक्ष कुसुम गोस्वामी, सहमंत्री सुलेखा त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी प्रदीप राणा, उप कोषाध्यक्ष मुकेश चन्द्र का चुना गया। इसके अलावा बृजेश पंत, मंजू देवी, अनिल उनियाल, प्रदीप राणा, अनिल शाह को सदस्यों में शामिल किया गया।

# वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में स्कूली नौनिहालों को मिलेगी एस्कार्ट की सुविधा : मुख्यमंत्री



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानव वन्यजीव संघर्ष को खत्म करने के लिए वन विभाग के साथ ही शासन–प्रशासन के स्तर पर भी प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटना की सूचना मिलने के 30 मिनट के अन्दर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच जाए। इसके लिए संबंधित डीएफओ और रेंजर की जिम्मेदारी तय की जाए। प्रभावितों को आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने पौड़ी में मानव – वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत पौड़ी के डीएफओ को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाने के निर्देश दिये हैं।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में जंगली जानवरों का अधिक भय है, ऐसे क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को स्कूल तक छोड़ने और घर तक लाने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाए। मानव–वन्यजीव संघर्ष में किसी परिवार से कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग प्रभावित परिवार की आजीविका को सहायता देने के लिए दो सप्ताह के अंदर नीति बनाकर प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जिन भी उपकरणों की आवश्यकता है, उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली जिम्मेदारी वन्यजीवों से लोगों के जीवन को बचाना है, इसके लिए नई तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों में न आये, इसके लिए स्थाई समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन्यजीवों की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों के माध्यम से निरंतर नजर बनाये रखें। वन कर्मी लगातार निगरानी रखें, साथ ही ग्रामीणों के साथ अपना संवाद मजबूत रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तियों के आस पास जंगली झाडियों को अभियान चलाकर साफ किया जाए, साथ ही बच्चों और महिलाओं को विशेष तौर पर आस पास वन्य जीवों की मौजूदगी को लेकर जागरुक किया जाए।बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, सी रविशंकर, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, अपर सचिव हिमांशु खुराना शामिल हुए।

### पंचायत प्रतिनिधियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

चमोली। पंचायत प्रतिनिधियों का आधारभूत प्रशिक्षण बृहस्पतिवार को न्याय पंचायत भगोती तथा नारायणबगड़ में शुरू हो गया है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत शुरू हुए इस पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों को अभिमुखीकरण एवं क्षमता विकास,त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था से संबंधित जानकारियां दी जा रही हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से सम्बंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 251-DRM-MB-25-26 Date 10.12.2025 | | |
| कार्य का नाम | (1) TFR = 21.271 TKM in BLM-AMG section under jurisdiction of ADEN-HRI-I, (2) TFR=4.67 TKM in RAC-BLM section under jurisdiction of ADEN-HRI-I, (3) P-Way work at BGH station in connection with replacement of old PI with EI for BGH station of Moradabad Division | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 02.01.2026 16:00 | अनुमानित लागत | ₹ 84,99,473.74 |
| धरोहर राशि | ₹ 1,30,000.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.12.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3819/2025


# नए भारत के निर्माण में स्वदेशी भाव के साथ उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा : मंत्री सुबोध उनियाल

### –स्वदेशी महोत्सव के चौथे दिन उद्यमी युवा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन –वन विभाग के स्टॉल को मिला प्रथम पुरस्कार



देहरादून। स्मृति विकास संस्थान द्वारा परेड ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी महोत्सव एवं उत्तराखण्ड विकास प्रदर्शनी के चौथे दिन उद्यमी युवा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नए भारत के निर्माण में स्वदेशी भाव के साथ उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उद्यमी युवा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। साथ ही वन विभाग के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार दिया गया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य ने स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमिता को अपनाकर विकास, स्वाभिमान और स्वावलंबन की नई दिशा तय की है। केंद्र और राज्य सरकारें स्टार्टअप, नवाचार और ग्रामीण आधारित उद्यमों को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से गांवझगांव में विकास की गति बढ़ी है और स्वदेशी उत्पादों पर आधारित ऐसे महोत्सव न केवल स्थानीय बाजार को मजबूत कर रहे हैं बल्कि युवाओं में आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा भर रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथावाचक शिव प्रसाद ममगाई ने स्वदेशी संस्कृति, भोजन और स्वरोजगार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोविड काल में युवाओं का स्वरोजगार की ओर बढ़ना प्रेरणादायक है और यह प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए।

समारोह के दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पढ़ाई के साथझसाथ स्वयं के प्रयासों से उद्यम चला रहे युवाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रिंस राजपूत, भावेश, ओमकार, गिरीश, जाह्नवी, रिया राणा, विवेक सिंह, शुभम यादव, हर्षिता भट्ट,, मान्या, शर्मिला गुरुंग सहित विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों से आए छात्र छात्राएं शामिल रहे।

इस दौरान स्वदेशी महोत्सव की उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी में आयोजित स्टॉल प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित हुए, जिसमें वन विभाग के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार, देहरादून कॉलेज ऑफ आर्ट को द्वितीय पुरस्कार और उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अमिता, अंजू, जाह्नवी और मंजू सहित कई कलाकारों ने गढ़वाली गीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। मंत्री सुबोध उनियाल ने रचनात्मक कार्यों में सक्रिय बच्चों को भी पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर समिति के सचिव आधार वर्मा ने बताया कि यह महोत्सव 8 से 14 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना और उत्तराखण्ड की रजत जयंती वर्ष पर राज्य की संस्कृति, पर्यटन, स्वदेशी उद्यमिता, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण को एक ही मंच पर लाना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कैलाश पंत, विण्डलास बायोटेक ग्रुप के चेयरमैन अशोक विण्डलास, अभाविप के कोषाध्यक्ष डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव, सुरेश जुयाल, राहुल गुप्ता, सुनील मेहता, वैज्ञानिक संजीव शर्मा, स्वागत समिति के महामंत्री सतेंद्र पुनेठा, प्रवीण पुरोहित सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# पैनखंडा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ

चमोली। जोशीमठ खेल मैदान में पैनखंडा महोत्सव का गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हो गया। महोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण उपरान्त वन्दे मातरम राष्ट्र गीत गाकर हुई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों एवं महिला समूहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहाड़ी गीत चेत की चेतवाई.., ओटूवा बेलेणा.., पौणा नृत्य, जागर नृत्य ने सभी का मन मोहा। सात दिनों तक चलने वाले पैनखंडा महोत्सव में दिन में जहां विविध विद्यालयों व ग्रामीण टीमों के मध्य खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा तो वहीं रात को सांसकृतिक संध्या का भी आयोजन किया जायेगा। वर्षों के बाद जोशीमठ नगर में आयोजित हो रही सांस्कृतिक संध्याओं को लेकर युवाओं व महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पैनखंडा महोत्सव के साथ साथ खेल मैदान में मेले का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि महोत्सव में आने वाले ग्रामीण पहाड़ी उत्पादों के साथ साथ सर्दियों का सामन समेत कृषि यंत्र आदि की खरीदारी कर सकें। नौनिहाल चरखी, झूले ,रेलगाडी आदि में बैठकर रोमांचित हो सकें। उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में पीसीसी चीफ गणेश गोदियाल का आयोजन समिति की अध्यक्ष/नपा अध्यक्ष देवेश्वरी शाह व संयोजक/ ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि गोदियाल ने कहा कि पैनखंडा महोत्सव विकास समिति ने उन्हें यहां मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया है शंकराचार्य की तपोभूमि व नृसिंह की इस पावन धरती में मुख्य अतिथि के रूप में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कहा कि विकास के कार्यों में पक्ष विपक्ष सब एक हैं व जोशीमठ नगर को मिल जुलकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है व यहां के लोगों के दर्द को कम करना सभी राजनैतिक दलों का दायित्व है।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए करें कार्य: सिंह

नई टिहरी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाही थौल टिहरी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रकाश सिंह व साथ आये कुलसचिव प्रो राकेश डोडी, प्रो ओपी गोसांई, प्रो मोहन सिंह पंवार, सहायक कुलसचिव एस बादल नेपरिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और छात्र–छात्राओं, छात्र प्रतिनिधियों के मध्य बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए त्वरित निदान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुलपति ने सामूहिक रूप से अपने संबोधन में परिसर के शिक्षकों–कर्मचारियों से कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर काम करें। प्रयास करें कि छात्रों को छात्रावास, खेलकूद गतिविधियां, पुस्तकालय, एनसीसी, एनएसएस संबंधी शिकायतों पर चर्चा कर उनका निदान करें। जो कार्य विश्वविद्यालय से संपन्न होने हैं, उन्हें विश्वविद्यालय से यथा शीघ्र संपन्न करवारकर छात्र–छात्राओं को सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। कुलपति ने शिक्षकों से कहा है कि वह नियमित रूप से कक्षाएं लेने, उनके आंतरिक एवं वाहय परीक्षाओं को समय पर पूरा करें। परीक्षा परिणाम संबंधी दिक्कतों को दूर करें और यदि इस प्रकार की कोई शिकायत रहती हैं, तो सम्बंधितों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राणा, उपाध्यक्ष अमन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित सजवान , रविंद्र रावत, नगर पालिका के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने छात्र–छात्राओं की तथा परिसर संबंधी विभिन्न समस्याओं विशेष कर मुख्य एवं आंतरिक परीक्षाओं का मूल्यांकन , समय पर रिजल्ट घोषित करना, शिक्षक कार्यों का समय पर होना, प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सुदृढ़ बनाना, महिला छात्रावास में सीटों की संख्या बढ़ाने सहित विभिन्न समस्यायें रखकर सुधार की मांग की।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**विद्युत उपभोक्ता सेवा/स्मार्ट मीटर सम्बंधित सूचना/शिकायत**

**राजस्व वसूली शिविर सूचना माह- दिसम्बर, 2025**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित स्थानों पर विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित सूचना/शिकायतों, विद्युत बिलों का भुगतान, त्रुटिपूर्ण विद्युत बीजकों में संशोधन, नये विद्युत संयोजन निर्गत करना/वर्तमान विद्युत संयोजनों के विद्युत भार वृद्धि, खराब विद्युत मीटर बदलने, इत्यादि समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी/अवर अभियन्ता एवं क्षेत्रीय कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

| क्र० सं० | उपखण्ड अधिकारी का नाम व मोबाईल नं० | दिनांक | समय | शिविर का स्थान | अवर अभियंता का नाम व मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **विद्युत वितरण उपखण्ड – स्यूँसी** | | | |
| 1 | श्री नवीन कुमार (मो० नं०- 94120 81777) | 22/12/2025 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | भौन | श्री कृष्णकान्त थपलियाल (मो० नं०- 94111 10016) |
| 2 | | 23/12/2025 | | गौलीखाल | |
| 3 | | 24/12/2025 | | दिगोलीखाल | |
| 4 | | 26/12/2025 | | मैठाणाघाट | श्री मनोज कुमार (मो० नं०- 73022 57306) |
| 5 | | 27/12/2025 | | रशिया-महादेव | |
| | | **विद्युत वितरण उपखण्ड- रिखणीखाल** | | | |
| 1 | श्री नवीन कुमार (मो० नं०- 94120 81777) | 24/12/2025 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | डाबखाल | श्री कुलदीप सिंह (मो० नं०- 94111 10015) |
| 2 | | 25/12/2025 | | सिद्धखाल | |
| 3 | | 26/12/2025 | | रथवाढाब | |
| | | **विद्युत वितरण उपखण्ड- थलीसैंण** | | | |
| 1 | श्री अभिषेक सिंह नेगी (मो० नं०- 73022 57309) | 22/12/2025 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | जसपुरखाल | श्री धर्मेन्द्र कुमार (मो० नं०-94111 10014) |
| 2 | | 23/12/2025 | | उफरैंखाल | |
| 3 | | 24/12/2025 | | जगतपुरी | |
| 4 | | 26/12/2025 | | त्रिपालीसैण | |
| 5 | | 27/12/2025 | | गजुरामहादेव | |

अतः इस खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपने विद्युत बिलों का भुगतान करने एवं उपरोक्त वर्णित सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु अवश्य आयें।

पत्रांक : 916/विविखं०(नै०)/उपाकालि०/कैम्प
दिनांक : 11.12.2025

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें**
**"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)**



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (₹) | अग्रिम धन (₹) | निविदा फॉर्म की लागत (₹) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02-Tele-CharBatt-MB-25-26 प्रोविजन ऑफ एस एम पी एस बेस्ड चार्जर एंड बैटरीज ऑफ टेलिकॉम इक्विपमेंट इन लिएउ ऑफ ओवरएज्ड एस एम पी एस बेस्ड चार्जर्स ओवर मुरादाबाद डिवीजन | ₹2,69,66,217.89 | ₹2,84,800/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 2. | RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23 रेलनेट कनेक्टिविटी एट मेजर स्टेशन डिपो स्टोर ओवर मुरादाबाद डिवीजन। | ₹3,19,87,196.04 | ₹3,10,000/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 3. | 05-SNT-Sig-SSDAC-MSDAC2 प्रोविजन ऑफ SSDAC/MSDAC इन लिएउ ऑफ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सल काउंटर इन संडीला–बरेली सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन | ₹1,45,52,199.59 | ₹2,22,800/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 4. | SNT-RT-ARC-CEL-Cards-MB-2024 रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ वैरियस टाइप्स ऑफ CEL मेक SSDAC/HASSDAC/MSDAC कार्ड्स ओवर मुरादाबाद डिवीजन। | ₹2,39,11,319.7 | ₹2,09,600/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |
| 5. | 04-Tele-CCTVRRoom-MB25-26 प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरास टू मॉनिटर कामन एरिया रिजर्वेशन रूम एण्ड टिकिट काउन्टरस एट ऑल मेजर लोकेशनस ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | ₹2,14,35,302.09 | ₹2,67,200/- | निल | 08.01.2026 15:00 बजे |

नोट: निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा सूचना सं.: 21/Tele/Charger/Battery, Railnet, 05 RT-SSDAC, ARC-CEL, CCTV दिनांक: 10.12.2025 3827/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### जौनपुर के थत्यूड़–मराड़ मार्ग की मिली स्वीकृति

नई टिहरी)। जौनपुर ब्लॉक के थत्यूड़–मराड़ मोटर मार्ग के करीब 4 किमी हिस्से के पुनर्निर्माण व सुधारीकरण की स्वीकृति मिल गई है। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने बताया कि थत्यूड़–मराड़ मोटर मार्ग भाल गांव की ओर से किमी 5 से 9 के बीच जर्जर और खस्ताहाल बना हुआ था। जिसको प्रदेश सरकार ने पुनर्निर्माण और सुधारीकरण के लिए राज्य योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 34 लाख 12 हजार रूपये की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति दे दी है। अपर सचिव विनीत कुमार की ओर से इसका जीओ जारी किया गया। विधायक ने बताया कि निर्माण करने वाले फर्म/ठेकेदार तीन साल के इस मोटर मार्ग का अनुरक्षण भी करेगा। जिससे मोटर मार्ग को हमेशा चकाचक बना रहेगा। शासन ने इस वित्तीय वर्ष में उक्त कार्य के लिए 10 हजार रूपये की टोकन मनी जारी करते हुए डीपीआर के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं। विधायक पंवार ने बताया कि स्थानीय लोग इस मार्ग के सुधारीकरण की मांग लंबे समय से करते आ रहे थे। ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए यह महत्वपूर्ण सड़क है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com